Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to extend the proposed Junagarh-Nabrangpur railway line upto Dharamgarh in Odisha.-Laid

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा लोकसभा क्षेत्र कालाहांडी है, जिसमें दो जिले नवापाड़ा और कालाहांडी आते है और दोनों ही जिले माननीय मोदी जी की परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिले हैं । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वर्षों से लंबित प्रस्तावित रेलवे लाइन 'जूनागढ़ से नबरंगपुर' जिसकी फाइनल लोकेशन के लिए 2.9 करोड़ रू. मंजूर किया गया है । यदि प्रस्तावित रेलवे लाइन 'जूनागढ़ से नबरंगपुर' को 10 किमी. धरमगढ़ तक विस्तार किया जाएगा, तो एक सबडिविजन मुख्यालय धरमगढ़ स्थायी रूप से रेलवे लाइन जुड़ जाएगा । जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी । क्योंकि जूनागढ़ से धरमगढ़ की दूरी सिर्फ 18 किमी. है । धरमगढ़ एक सब- डिविजनल हेड कार्टर है । दोनों जिले के लोग धरमगढ़ पर निर्भर करते है । लेकिन साधन की असुविधा होने के कारण जिलावासियों को धरमगढ़ के लिए यात्रा करने में बड़ी ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है । जिलावासियों में बड़ी नाराजगी है जिसके लिए उन्होंने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया । इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि प्रस्तावित रेलवे लाइन 'जूनागढ़ से नबरंगपुर'को 10 किमी. धरमगढ़ तक विस्तार किया जाए जिससे सबडिविजन मुख्यालय धरमगढ़ स्थायी रूप से रेलवे लाइन से जुड़ जाए तथा वहां के लोगों को आवागमन में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े ।